ओडीओपी उत्पादों के लिए ई कॉमर्स प्लेटफार्म तैयार

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

फ्लिपकार्ट, अमेजन की तर्ज पर प्रदेश सरकार ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) उत्पादों की बिक्री के लिए अपना ई-कामर्स प्लेटफार्म तैयार कर चालू भी कर दिया है। इस प्लेटफार्म पर ओडीओपी उत्पादों की फोटो बिक्री के लिए अपलोड की जा रही है। उत्पादों को आकर्षक बनाने के लिए मॉडल्स का सहारा भी लिया जा रहा है।

16 फरवरी को वाराणसी कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश सरकार के **odopmart.com** ई-कामर्स प्लेटफार्म को लांच किया था। लांचिंग के बाद अब इस प्लेटफार्म से ओडीओपी उत्पादों की बिक्री शुरू की गई है। आर्डर पर देशभर में इन उत्पादों को संबंधित व्यक्ति तक पहुंचाने में पहले से देश के प्रमुख शहरों में सक्रिय यूपी हैंडीक्राफ्ट्स एंड मार्केटिंग कारपोरेशन लि. के गंगोत्री इंपोरियम की टीम और कोरियर कंपनियों का सहारा लिया गया है।

अपट्रान के पास है मैनेजमेंटः इस प्लेटफार्म को तैयार करने के बाद इसके प्रबंधन की जिम्मेदारी अपट्रान को दी गई है। पोर्टल के सफल संचालन के लिए प्रोफेशनल की सेवाएं भी लिए जाने की तैयारी की गई है।

16 फरवरी को पीएम मोदी ने लांच किया था

02 तरह से कैश और ऑनलाइन भुगतान लेंगे

वेंडर इस पोर्टल से सीधे भी बेच सकेंगे अपना उत्पाद

ओडीओपी उत्पादों को पोर्टल पर डाउनलोड करने के साथ ही सीधे ओडीओपी उत्पादक वेंडरों को भी जोड़ा जा रहा है। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि आर्डर आने पर वेंडर सीधे अपने उत्पाद को बेच सके।

ओडीओपी उत्पादों की बिक्री के लिए ई-कामर्स प्लेटफार्म को शुरू कर दिया गया है। बहुत जल्द सभी उत्पाद पोर्टल पर बिक्री के लिए अपलोड कर दिए जाएंगे।

नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग

पेमेंट दो माध्यम सेः ई-कामर्स प्लेटफार्म से खरीद करने वालों को भुगतान के लिए कैश और आनलाइन दोनों तरफ के पेमेंट के विकल्प दिए गए हैं।

Hindustan page 2 date 6/3/20